नए टेलीफोन कनेक्शनों का लक्ष्य

2212. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष नए टेलीफोन कनेक्शन देने का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ था;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) टेलीफोन कनेक्शन देने का विगत वर्ष का राज्य-वार निर्धारित लक्ष्य क्या था और वे लक्ष्य कहां तक हासिल हुए ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) :

(क) जी नहीं ।

(ख) तथा (ग) : राज्यवार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं ।

विवरण

क्रम संख्या	राज्य का नाम	1991-92 के दौरान सीधी एक्सचेंज लाइनों का निष्पादन	
		लक्ष्य	उपलब्धि
1.	आन्ध्र प्रदेश	37771	39651
2.	असम	16299	8104
3.	बिहार	22747	22914
4.	गुजरात (इसमें दिव, दमन, दादरा और नागर हवेली शामिल है)	45323	45963
5.	हरियाणा	17271	15947
6.	हिमाचल प्रदेश	8283	7022
7.	जम्मू तथा कश्मीर	3987	3006
8.	कर्नाटक	32309	42790
9.	केरल	40445	45344
10.	मध्य प्रदेश	59088	68296
11.	महाराष्ट्र (इसमें गोवा शामिल है)	112221	159478
12.	उत्तर पूर्व (इसमें अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल है)	8679	5501
13.	उड़ीसा	9589	12860
14.	पंजाब (इसमें चंडीगढ़ शामिल है)	25458	25533
15.	राजस्थान	36797	29012
16.	तमिलनाडु (इसमें पांडिचेरी शामिल है)	34138	38104
17.	उत्तर प्रदेश	68932	61082
18.	पश्चिम बंगाल (इसमें सिक्किम शामिल है)	50725	20093
19.	दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र)	70169	84710
	योग :	700331	735410